## एक नजर में

### ग्रामीणों ने पेयजल व्यवस्था को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिछुआ।** ग्राम पंचायत सामरबोह के ग्राम मुर्रा के ग्रामीणों ने बुधवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर चौरई अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रभात मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए गांव में पेयजल व्यवस्था शुरू करने की मांग रखी है, बता दें कि ग्राम के सरकारी बोर पर एक दबंग व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसकी वजह से पेयजल व्यवस्था ठप्प पड़ी है। शासन द्वारा पानी टंकी बनी है एवं पीएचई विभाग द्वारा बोर भी हुआ है लेकिन दबंग व्यक्ति के द्वारा पिछले1 साल से कब्ज़ा कर लिया गया है जो अपने कार्य उपयोग में ले रहा है जिससे गाँव के लोग पेयजल व्यवस्था के लिए तरस रहे है गांव के नागरिकों को 2 किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है ग्रामीणों ने एसडीएम प्रभात मिश्रा से 3 दिवस के अन्दर समस्या का निराकरण करने की मांग रखी यदि मांग पूरी नहीं होती हैं तो तहसील कार्यालय में बैठकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा ज्ञापन सौंपाते समय गांव में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहें इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मोहखेड़ में किसान मुफ्त में करवाएं मिट्टी की जांच

**मोहखेड़।** खेतों में लगाई जाने वाली तरह-तरह की फसलों व सब्जियों से भरपूर पैदावार लेने के लिए खेतों की उपजाऊ क्षमता अच्छी होनी चाहिए। इसके साथ सभी पोषक तत्व उचित मात्रा में उपलब्ध होना जरूरी हैं। खेतों की मिट्टी में कौन-कौन से पोषक तत्व कितनी मात्रा में उपलब्ध हैं, परीक्षण के बाद इसका पता चल पाता है। कृषि विभाग की ओर से किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण पूरी तरह से मुफ्त किया जा रहा है। ऐसे में किसान विभाग की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।मोहखेड़ के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डीएस घाघरे ने बताया कि खरीफ व रवि की फसलें लगाने से पहले विभाग की ओर से किसानों के खेतों से मिट्टी के नमूने लिए जाते हैं और इन्हें जिला मुख्यालय पर स्थित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जाता है। किंतु विगत 2 माह से विकासखंड मुख्यालय पर मिनी मिट्टी परीक्षण लैब खोला गया है.यहा जांच के बाद रिपोर्ट मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड के रूप में किसानों को दिए जाते है.मृदा विश्लेषण अधिकारी आदित्य निंबालकर ने बताया कि दो माह से मिनी लैब मिट्टी नमूनों के परीक्षण का काम चालू हो गया है।पिछले माह 690 मिट्टी का लैब में टैस्ट किया गया.वही वर्तमान में 1400 सेंपल की जांच जारी.किसान अपने खेतों कि मिट्टी स्वयं या फिर अपने सेक्टर के कृषि विस्तार अधिकारी के पास खेतो की मिट्टी भेजकर जांच करवाये.द्ध

### अधुरी पड़ी नलजल योजना, ठेकेदार को नोटिस भेजेंगेः रायकवार

**मोहखेड़।** ग्राम पंचायत सारंगबिहरी में जलमिशन तहत जहा-तहा कार्य अधूरा छोडकर ठेकेदार गायब हो गये.उक्त ठेकेदार द्वारा न तो कार्य प्रारंभ होने से पहले गांव में कोई सूचना फलक बोर्ड लगाया गया.जिससे ग्रामीणो को जानकारी लग सके यह योजना किस मद किस लागत व अन्य जानकारी मिल सके.ठेकेदार अपनी मनमर्जी मुताबिक कही काम कर रहा,कही अधूरा छोडना सहित अन्य मामले सामने आ रहे है. इधर सारंगबिहरी पंचायत का आश्रित गांव खजुरिया में पिछले 3 माह से पाइपलाइन फुटी होने से नलजल योजना बंद पड़ी हुई.जिससे इस बारिश के मौसम मे ग्रामीणो को पीने के पानी के लिए यहा-वहा भटकना पड़ रहा है.इधर पंचायत के उपसरपंच राजेंद्र गाकरे पंचायत में बंद पड़ी नलजल को दुरूस्त करवाने को लेकर पंचायत में सबंधित सचिव से चर्चा करते है तो वह कहते ठेकेदार ने अभी योजना को हैंड ओवर नही किया इसलिए वह इस कार्य को दुरूस्त करेगा.इस तरह परेशान उपसरपंच ,पंच और ग्रामीणो कि समस्याओं को लेकर विगत दिनो समाचार पत्र में उक्त खबर प्रकाशित की गयी थी।

### भाजपा मंडल में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**बटकाखापा।** बटकाखापा मंडल में मनाई गई पंडित श्री दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी संगठन के दिशानिर्देश अनुसार विभिन्न बूथों में जयंती मनाई एवं सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमे ग्रामवासियों को केंद्र एवं राज्य एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजना के बारे में बताया गया बूथ क्रमांक 85 (सिमरिया) के प्रभारी योगेन्द्र शाह धुर्वे सहप्रभारी सुदामा महलवंशी बूथ क्रमांक 104 (सामरडोह ) प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ठाकुर बूथ क्रमांक 99( देवरी) प्रभारी हेमंत साहू बूथ क्रमांक 93( चोपना) प्रभारी रंजीत नामदेव बूथ क्रमांक 86 (डुंगरिया)प्रभारी आनन्द सूर्यवंशी बूथ क्रमांक 87/88/89 सीताराम बरासिया वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शिवम सलामे (सोशल मीडिया प्रभारी) भाजपा और मनोज भलावी एवं बटकाखापा मंडल के सभी युवा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### निशुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर आज

**परासिया।** आज दिनांक 26 सितंबर को गुरूवार समय प्रात: 11 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजन पेंच स्टाफ क्लब स्टेट बैंक के सामने चांदामेटा में आयोजित किया गया है। शिविर में जांच, उपचार, दवाईयां, सर्जरी, शुगर एवं बी पी की जांच आदि नि:शुल्क की जायेगी। शिविर शासन, रोटरी क्लब छिंदवाड़ा एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। जिसका लाभ अधिक से अधिक व्यक्तियों को लेने हेतु रोटरी क्लब परासिया की अध्यक्ष नेहा राय एवं सचिव माधुरी वर्मा ने अपील की है।

### स्वच्छता की थीम पर छात्रों ने बनाए मॉडल

**परासिया।** स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक शाला बडकुही में स्वच्छता संवाल एवं वेस्ट मेटरियल से पुन: उपयोग करने वाली वस्तुएं बनाये जाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चो द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम में न.प. बडकुही अध्यक्ष भारत डेहरिया, सी.एम.ओ राहुल कौरव, ने बच्चो को स्वच्छता के विषय में जानकारी दी एवं स्वच्छता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधी एवं स्कूल के शिक्षको द्वारा स्वच्छता संवाद किया गया।

### मेरा कार्यालय स्वच्छ कार्यालय, जनपद कर्मचारियों ने की सफाई

**परासिया।** मेरा कार्यालय स्वच्छ कार्यालय की थीम पर जनपद पंचायत परासिया के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यलय परिसर की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता प्रभारी मनीष सोनी ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय के आदेश अनुसार शासकीय एवं अशासकीय कार्योलय में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारियों के आपसी समन्वय से कार्यालय परिसर को साफ-स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया गया है जिसके तहत कार्यालय परिसर की साफ सफाई की गई।

### भाजीपानी में चलाया सदस्यता अभियान

**परासिया।** भाजीपानी बूथ क्रमांक 82 के प्रभारी अंसारसिद्दी की द्वारा ग्राम भाजीपानी 82 क्रमांक पर पहुंचकर सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जन्मदिन पर प्रकाश डाला। उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा भी बारी-बारी से उनके जन्म जयंती पर प्रकाश डाला गया उसके पश्चात वार्डों में जाकर घर-घर सदस्यता अभियान कीअलख जगाई गई। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने सदस्यता अभियान ग्रहण किया और साथ ही भाजपा की रीति नीति से उन्हें अवगत कराया गया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन पर उनके आदर्श और मार्गदर्शन पर चलने की शपथ ली गई। आज पूरे भारत देश में सदस्यता अभियान समापन का अंतिम दिन है जिस पर पगारा मंडल के तत्वाधान में यह कार्यक्रम किया जा रहे हैं जो की अंतिम दिन में पगारा मंडल द्वारा पूरी ताकत सभी ग्रामों में झोंकी गई निश्चित ही पूरे पगारा मंडल में प्रत्येक घरों में वार्डों में भाजपा के सदस्य पहुंचकर सदस्यता अभियान को बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### मेहरा समाज ने एसड एम को सौंपा ज्ञापन

**चौरई।** मेहरा डेहरिया समाज जिला छिन्दवाड़ा ब्लाक चौरई के अध्यक्ष ललित डेहरिया जो कि पत्रकार भी हैं इनके ऊपर अज्ञात हमलावरों द्वारा जानलेवा हमला कर इनको जान से मारने की कोषिष कि गई है ।इस हमले में ललित डेहरिया जी को सिर पर हाथ मे एवं पैर में गंभीर चोटें लगी है । जिनका ईलाज छिन्दवाड़ा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है ।इस घटना से जिला छिन्दवाड़ा का समस्त डेहरिया समाज बहुत ही आहत एवं स्तब्ध है एक पत्रकार एवं सामाजिक व्यक्ति पर हमला किया जाना बहुत ही निन्दनीय है इस कृत्य की सम्पूर्ण डेहरिया समाज घोर निन्दा करता है ।साथ ही जिला डेहरिया समाज आपसे अनुरोध करता है कि उक्त मांमले की निष्पक्ष जांच कर अति शीघ्र आरोपियों को गिरफतार कर उन पर कडी कार्यावाही की जावे ताकि भविष्य में ऐसे अपराध करने वाले अपराधियों को सबक मिल सके ।जिला मेहरा डेहरिया समाज के जिला उपाध्यक्ष जयविंद डेहरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संगठन के सदस्यों भवानी डेहरिया, सुरेश डेहरिया कालकोटी, भरत डेहरिया, संजय डेहरिया सरपंच, कन्हैया डेहरिया, सुनील डेहरिया, रविशंकर डेहरिया, रामकुमार डेहरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**बदहाली** | सरपंच-सचिव की उदासीनता के चलते साइकिल रिक्शा कबाड़ो में तब्दील

# पंचायतों में कचरा उठाने के लिए गांवों में नहीं दौड़ रहे ई-साइकिल रिक्शे

**नवभारत न्यूज, मोहखेड़, 25 सितंबर, शासन निर्देशानुसार 17 सितंबर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है.लेकिन आज मोहखेड़ विकासखंड क्षेत्र के गांवो में जगह-जगह गंदगी का आलम है,कुछ पंचायतो में सिर्फ फोटो सेशन कर अपनी औपचारिकता निभा दी जा रही है।**

विगत एक वर्ष पूर्व पहले पंचायतो में तीन पहिया का साइकिल रिक्शा लेकर पूरे गांव में गली मोहल्लों में गंदगी और कचरे को संग्रहण के लिए खरीदे थे। लेकिन कुछ पंचायतो में सरपंच-सचिव की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते ये रिक्शे एक दिन भी गांव की सडक़ों और गलियों में नहीं दौड़े और वहां पड़े पड़े ही कबाड़ में तब्दील हो गए।




#### साइकिल रिक्शा का नहीं हो रहा उपयोग

मोहखेड़ जनपद की लगभग बड़ी पंचायतो 15 वे वित्त से 30-32 साइकिल रिक्शा व हाथ ठेले की खरीदी हुए हैं. लेकिन कई ऐसी पंचायत है जहा साइकिल रिक्शे व हाथ ठेले का कोई उपयोग नहीं हो रहा है.कुछ ऐसी जहा पर साइकिल रिक्शे के कलपुर्जे गायब हो गये तो कही इन्हें रेत-सीमेंट ढोने के लिए उपयोग कर कबाडा बना दिया. डोर टू डोर कूड़ा कचरा कलेक्शन करने के लिए पंचायतों को साइकिल रिक्शा दिया गया है. गांव में जगह जगह कचरे का ढेर है घरों के बाहर कूड़ा कचरा फेंक रहे हैं पंचायत की तरफ से कोई गतिविधि नहीं दिखाई दे रही है.केंद्र की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन को ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तबाह करने में लगे हुए हैं.

#### ग्राम पंचायतों में लग रहा कचरे का ढ़ेर

ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के लिए नई योजनाओं की बहुत सी योजनाएं बन रही हैं, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण कुछ योजनाएं धरातल पर पहुंचे बिना यहां दम तोड़ रही हैं. ग्राम पंचायतो में कचरा प्रबंधन के लिए कचरा पेटी व मनरेगा के तहत सेरिग्रेशन सेट का,नाडेप निर्माण किया गया है, लेकिन अब यह सेग्रिगेशन शेड भी बेहाल हो रहा है. साथ कचरा पेटी भी कचरे मे तब्दील है.इसके बावजूद, ग्रामीणों के लिए यह अब एक मात्र शोपीस बनकर रह गया है, जिसके बारे में लोगों को अच्छा अनुभव नहीं हो रहा है.

#### योजनाओं को नहीं मिल पा रही गति

ग्राम पंचायतो में लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी अधिकांश गांव स्वच्छ सुंदर ग्राम की दिशा में आगे नहीं बढ़ रहे हैं और ग्राम पंचायतों में सोख्ता का निर्माण भी योजना के अनुसार नहीं हो रहा है, जिसके कारण हैंडपंप के आसपास पानी जमा हो रहा है और गंदगी बढ़ रही है. प्रशासनिक लापरवाही की वजह से स्वच्छ भारत मिशन की योजना धरातल पर पहुंचे बिना ही यहां दम तोड़ रही है. अधिकारियों को गांव में स्वच्छ भारत मिशन के कामों की मॉनिटरिंग करने तक का ध्यान देना चाहिए, ताकि योजनाएं सही ढंग से कार्यान्वित हो सकें.

#### इनका कहना है

मोहखेड़ जनपद की 30 से 32 पंचायतो साइकिल रिक्शे है,साथ कुछ जगह हाथ ठेले है.कुछ पंचायतो में इसका उपयोग हो रहा है जिन पंचायतो में इनका उपयोग नही किया जा रहा है इस बारे में वरिष्ठ अधिकारी से बातचीत कर उन्हें भी प्रारंभ करवायेंगे.वैसे वर्तमान समय मे इसका उपयोग होना चाहिए.

**देवेन्द्र डेहरिया, बीसी मोहखेड़**

## कलेक्टर के समक्ष पहुंचा फर्जी जाति प्रमाण पत्र का मामला

**नवभारत न्यूज, परासिया, 25 सितंबर, अनुसूचित जन जाति का प्रमाण पत्र लगा कर आरक्षण का लाभ लेकर सरपंच निर्वाचित हुई इकलेहरा सरपंच के खिलाफ इसी पंचायत के उपसरपंच ने जाति प्रमाण पत्र को फर्जी करार देते हुए मामले की शिकायत जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की है।**

जिसमें उप सरपंच फकरुल सिद्दीकी ने बताया गया सरपंच द्वारा 4 जुलाई को एक शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था कि उन्हें कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर, जिला भोपाल द्वारा जाति प्रमाण पत्र क्रं. 203/121/2005 जारी किया गया था। भोपाल स्थित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तहसील हुजूर, जिला भोपाल द्वारा आवेदन देकर उक्त नम्बर की सम्पूर्ण नस्ती की फाईल निकलाई गई जिसमें अध्यन करने पर पाया गया कि उस नम्बर पर सुरेश पिता केशरी सिंह निवासी जमोसिया का नाम दर्ज है। सरपंच द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार करते झूठा जाति प्रमाण पत्र पंचायत चुनाव के निर्वाचन में जमा कराया गया है तथा झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत किया है जिसके आधार पर शासन द्वारा जारी आरक्षण नीति का अनुचित लाभ प्राप्त कर रही है । वास्तविक तथ्यों को छिपाते हुए कपट पूर्वक मिथ्या तथ्यों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रस्तुत किया है जो कि उक्त नम्बर का प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेखो में है ही नही। यह कि अनावेदक की जाति का जो प्रमाण पत्र अनावेदक द्वारा प्रस्तुत किया गया है वह अनुविभागीय अधिकारी हजूर भोपाल के कार्यालय में किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज है । सरपंच ने मनगढंत आधार पर कूट रचित फर्जी आधार पर दस्तावेजो की कूट रचना करते हुए ऐसा गंभीर अपराध किया है।

## बड़कुही में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती

**परासिया।** बड़कुही में बुधवार को भाजपा के प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती मनाई। नगर बड़कुही के सात बूथों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र रखकर जन्म जयंती मनाई गई । पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर अपने प्रेरणा स्त्रोत को याद किया गया । बूथों में वक्ताओं ने महान चिंतक एवं एकात्म मानववाद के प्रेरणा स्त्रोत के जन्म से लेकर उनके असामयिक निधन तक उनके जनसंघ में किए गए कार्यों को याद किया । अलग-अलग बूथों में किए गए कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी राजू पवार, मुनिराज इंदौरकर, सुजाता तिवारी, नगर अध्यक्ष प्रभुदयाल साहू, जिला मंत्री अंकुश मेहरा, पार्षद अनिल सिंह, धर्मपाल सरोज, रामचरण डेहरिया, भानुप्रताप सिंह, डॉ नरेश सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कोयला कामगारों की विभिन्न मांगों को लेकर एबीएमएस का धरना प्रदर्शन आज

**नवभारत न्यूज, परासिया, 25 सितंबर, स्थाई एवं अस्थाई कोयला कामगारों की विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ द्वारा आज पेंच महाप्रबंधक कार्यालय परासिया में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बुधवार को पेंच कन्हान बीएमएस कार्यालय परासिया में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर जानकारी सांझा की गई।**



अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष नारायण राव सराटकर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोल इंडिया स्तर पर यह आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें 26 सितंबर को सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय सामाजिक सुरक्षा मेडिकल सुविधा टीएडीए शीघ्र शुरू करने कामगारों के परिजनों की स्वास्थ्य सुविधा जैसे मुद्दों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। कंपनी के पास स्वयं के संसाधन जैसे पर्याप्त भूमि होना जिसमें कंपनी द्वारा सर्व सुविधायुक्त अस्पताल का निर्माण करना। जिससे की कोयला कामगार व उसके परिवार सदस्यों को आसानी से मेडिकल सुविधा क्षेत्र में ही मिल सके। केंडर स्कीम में बदलाव किया जाए यहां बरसों से ओवरमैन माइनिंग सरदार जनरल मजदूर जैसे अन्य पदो को सम्मान जनक पद नाम दिया जाए। खदानों में काम करने वाले ठेकादारी मजदूरों से अधिक काम लिया जा रहा है उनका समय निर्धारण किया जाऐ । हाजरी बायोमेट्रिक से दर्ज हो पूरे दिनों का भुगतान मिले। हाईलेबल कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन दिया जाए। ठेकेदारी मजदूरों को बोनस दिया जाए। स्थाई कामगारो का एक करोड़ का दुर्घटना बीमा कराया जाए। ठेकदारी मजदूरों को 40 लाख का बीमा हो। दुर्घटनाओं में शामिल दोषी अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएं। प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ उपाध्यक्ष नारायणराव सराटकर बीएमएस पेंच कन्हान अध्यक्ष राम सिंह बघेल कुंवर सिंह भुवनेश्वर यादव सुनील पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज, बिछुआ, 25 सितंबर, नगर परिषद बिछुआ की चल रही मनमानी मनमानी रूप से करवा रही निर्माण कार्य इसके पूर्व भी बंटी साइकिल स्टोर चौराहे पर बने अतिक्रमण को लेकर खबरें प्रकाशित की गई थी लेकिन नगर परिषद के द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई ।**

जिसको लेकर आज नगर परिषद के खिलाफ पार्षदों ने चौरई एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए विदित कराया की सूखा राहत मद से आरसीसी नाली निर्माण कर वार्ड क्रमांक 3 बंटी साइकिल स्टोर चौराहे से वार्ड क्रमांक 4 में रामू कड़वे के मकान तक स्वीकृत है जिसका निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है लेकिन नगर परिषद के आला अधिकारी के द्वारा स्वीकृत स्थान पर नाली ना बनाते हुए वार्ड क्रमांक 6 में खेमचंद बदेवार के घर के बाजू से नाली निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसकी खुदाई भी कर दी गई है तथा वार्ड क्रमांक 3 में पूर्व में बनाई गई नाली बंटी साइकिल स्टोर तक ही है जिसके कारण वार्ड क्रमांक 3 में नाली का गंदा पानी बीच रोड से बह रहा है जो कि नगर परिषद के अड़ियल रवैया के कारण हो रहा है परिषद अपने मनमाने तरीके से स्वीकृत रोड़ स्थान से ना बनाकर दूसरे स्थान से बनाया जा रहा है तथा वार्ड क्रमांक 3 बंटी साइकिल स्टोर से वार्ड क्रमांक 4 नजरपूरा में जाने के लिए खसरा क्रमांक 553 में 30 फीट का रास्ता नक्शे लगभग 30 फीट रोड नक्शे में दर्शाया जा रहा है।

#### वार्ड 3 से अतिक्रमण हटाने में छूट रहा पसीना

वार्ड नंबर 3 में बने अतिक्रमण हटाने में नगर परिषद को छूट रहा पसीना क्रमांक 3 के बंटी साइकिल स्टोर चौराहा पर दबंग व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया गया है और नगर परिषद द्वारा 2018 से अतिक्रमण धारियों पर नोटिस छोड़ा गया था लेकीन नगर परिषद के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद सुभाष मिनोटे, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद दीपक चोपड़े, और क्रमांक 6 के पार्षद राजकुमार मरावी ने अपने-अपने लेटर पेट मे लिखित शिकायत करते हुए तत्काल उक्त स्थान की जांच कर सही स्थान से नाली निर्माण कार्य कराए जाने की बात कही गई समस्या हल न होने पर दी धरने की चेतावनी।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

**चौरई।** कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चौरई में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन के शुक्ला ने की। इस कार्यक्रम में डॉ यू के शुक्ला मनीष सिन्हा लेफ्टिनेंट जितेंद्र सिंह रघुवंशी विनय सेंगर जितेंद्र ठाकुर अनिल तिवारी संतराम वर्मा बी डी जावरे अतुल श्रीवास्तव मंजुला पांडे उपासना पालीवाल रूपकुमार जंघेला पूजा माहेश्वरी शिवानी सरयाम विपुल वासनिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की उपस्थित रही।

## ग्रामीणों की मांग हमारे वार्डों में भी लगना चाहिए स्ट्रीट लाइट

**नवभारत न्यूज, जुन्नारदेव, 25 सितंरब, नगर से लगी ग्राम पंचायत दातलावादी में काफी अरसे को बाद स्ट्रीट लाइट लगी है जिससे कई वार्ड जगमगा गए जिसे देखकर जिन वार्डो मे स्टेट लाइट नहीं लगी है वहां के ग्रामीण भी अपने वार्डों में स्टेट लाइट लगाने हेतु मांग कर रहे हैं।**

नंबर 13 एवं 14 के ग्रामीणों का कहना है कि हमारे बालों में जाने के जो रास्ता है वह काफी जटिल एवं खराब है जिसमें अंधेरे में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है अगर स्टेट लाइट लग जाएगी तो वन परेशानियों से बचा जा सकता है और समस्त ग्राम मैं सौन्दर्यता आ जाएगी इस और समस्त ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की आवश्यकता है और जल्द से जल्द सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाई जाना चाहिए ।

#### इनका कहना है

आगामी दिनों में इन वार्डो में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाएगी और जल्द से जल्द यह कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

**रामपाल परते**
**उप सरपंच ग्राम पंचायत दातलावादी**

## पंडित दीनदयाल की जन्म जयंती पर अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन

**जुन्नारदेव।** भाजपा के पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर स्थानीय लोगों सहित भाजपा नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर के बूथ क्रमांक 208 वार्ड क्रमांक 8 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार, भाजपा नेता मितेश जायसवाल, राजेश नागवंशी, महेश, दीपक, गौरव बंदेवार सतीश सूर्यवंशी, सुपचंद आमरवंशी, मनीष बंदेवार, विकास यादव, विनय सारंगे, रवि आमरवंशी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर स्वर्गीय उपाध्याय जी द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा नेता उपस्थित रहे।

**लापरवाही** | खजुरिया-भंदारगोंदी सड़क दलदल में तब्दील, आवागमन में हो रही परेशानी

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क, ठेकेदार सुधारना भूल गया

**नवभारत न्यूज, मोहखेड़, 25 सितंबर, शासन द्वारा योजनांतर्गत खेतो कि सिंचाई व घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यो में की जा रही मनमानी से लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के कर्मचारियों ने कई गांवो में पाइप लाइन डालने के लिए सड़को कि खुदाई की गयी, जहां पाइप डालने के बाद सड़क को ठीक तरह से नहीं भरी गयी हैं।**



गड्ढों के पूरी तरह समतल नहीं होने से जगह-जगह मिट्टी के ढेर व पत्थर पड़े होने से व बारिश से सड़क दलदल मे तब्दील होने से आवागमन के दौरान दिक्कतें आ रही है. ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत सारंगबिहरी मे बिछुआ मुख्य मार्ग से आश्रित टोला भंदालगोंदी मैं मनरेगा सड़क ऐसी भी है जो दलदल में बदल गई है। जहां से पैदल चलना तो दूर वाहनों का आना-जाना भी दुर्भर हो गया है.जिसको लेकर ग्रामीणों में बेहद आक्रोश भरा हुआ है जिनके द्वारा उक्त मार्ग का मरम्मत की गुहार लगाई जा रही है पर आज तक स्थिति यथावत बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पंचायत द्वारा विगत कुछ वर्ष पहले ही उक्त मार्ग निर्माण कराया गया था किंतु बेपरवाह जलनिगम के ठेकेदार के द्वारा वर्तमान तक सड़क मरम्मत नहीं कराई गयी है। जिससे ग्रामीणों को इस बरसात के मौसम में रास्ते पर बने कीचड़ में से आना-जाना करना पड़ रहा है वहां पर काफी दयनीय स्थिति बनी हुई है।

#### ग्रामीणों की समस्या सुनने को तैयार नहीं

इधर ग्रामीण उक्त सड़क कि समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक शिकायत कर चुके है.लेकिन उक्त समस्या को सुनने को तैयार नही है.ऐसे में अब ग्रामीणो ने जिले के कलेक्टर शीलेंद्र सिंह से जन सुनवाई में शिकायत किए जाने की चेतावनी दी.